जनता विद्या मन्दिर गणपतराय रासीवासिया महाविद्यालय,

चरखी दादरी

(सम्बद्ध – चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2024–2025

जनता विद्या मंदिर गणपतराय रासीवासिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चरखी दादरी के 'प्रतिभा सम्मान समारोह' के मुख्य अतिथि श्री विपुल जी गोयल कैबिनेट मंत्री शहरी स्थानीय निकाय, भू–राजस्व, आपदा प्रबंधन व नागरिक उड्डयन, हरियाणा सरकार, विशिष्ट अतिथि श्री उमेद पातुवास विधायक बाढ़डा, श्री संदीप जोशी सदस्य राष्ट्रीय परिषद् भारतीय जनता पार्टी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री सुनील सांगवान विधायक चरखी दादरी, श्री पवन गुप्ता अध्यक्ष प्रबंधन समिति, श्री राधेश्याम ऐरण महासचिव प्रबंधन समिति, श्री अशोक गोयल जी उपप्रधान प्रबंधन समिति, श्री सुरेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रबंधन समिति, डॉ. यशवीर सिंह जी प्राचार्य जनता महाविद्यालय, प्रबंधन समिति, कार्यकारिणी एवं दादरी एजुकेशन सोसायटी के समस्त सम्मानित सदस्य, अतिथिगण, प्रेस के सम्मानित सदस्य, समस्त महाविद्यालय परिवार, अभिभावकगण, छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित मातृशक्ति, मैं आज महाविद्यालय के 'प्रतिभा सम्मान समारोह' के अवसर पर आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूँ।

प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी एवं विद्यानुरागी श्री रामकृष्ण गुप्ता जी ने सन् 1965–66 में 189 छात्रों के साथ इस महाविद्यालय रूपी जिस पौधे को लगाया था, वह आज एक विशाल वट–वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। दस कमरों के साथ स्थापित होने वाला महाविद्यालय आज चालीस कमरों, 13 प्रयोगशालाओं, एक स्मार्ट क्लास रूम, सेमिनार हॉल, आधुनिक तकनीकी से युक्त एक शानदार सभागार, स्टेडियम व इनडोर खेलशाला के साथ एक भव्य भवन के रूप में परिवर्तित हो चुका है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के विद्यार्थियों में सम्प्रेषण कौशल विकास हेतु आधुनिक तकनीकी से युक्त एक भाषा सम्प्रेषण प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है। महाविद्यालय का हरा–भरा सुंदर परिसर सभी प्रकार की शैक्षणिक एवं खेल सुविधाओं से परिपूर्ण है, जिसमें विज्ञान वाणिज्य, बी.वॉक, एम.एल.टी. व बी.एस.सी. (एक्च्यूरियल साईंस) व कला संकायों के लगभग 2300 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। महाविद्यालय में भूगोल, गणित, राजनीति विज्ञान, ग्रामीण विकास व हिन्दी के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम सुचारू रूप से गतिमान हैं।

महाविद्यालय में 100 से अधिक शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग अपनी पूरी निष्ठा और लगन से महाविद्यालय की निरंतर उन्नति एवं चहुँमुखी विकास में प्रयासरत हैं। इसका प्रमाण यह है कि विगत लगभग 57 वर्षों में अनेक मेधावी छात्र–छात्राएँ यहाँ से शिक्षा ग्रहण कर विविध क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन हैं।

**पुस्तकालय एवं वाचनालय :–**

महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत एक विशाल पुस्तकालय है, जिसमें विविध विषयों से संबद्ध लगभग 47000 पुस्तकें हैं। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु नेटवर्क रिसोर्स सेंटर एवं फोटोस्टेट मशीन भी उपलब्ध है। ई–पुस्तकालय की भी सुविधा है, जिसमें 2 लाख ई–बुक्स व 2500 ई–जरनल्स पढ़े जा सकते हैं। लगभग 30–35 पत्र–पत्रिकाएँ विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन उपलब्ध होती हैं।

**पत्रिका :–**

विद्यार्थियों में सृजनात्मकता एवं अभिव्यक्ति पक्ष को मजबूती प्रदान करने हेतु महाविद्यालय पत्रिका 'श्यामसर' का वार्षिक प्रकाशन किया जाता है, जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, विज्ञान, Planning Forum अनुभागों में अपने लेख प्रकाशित करवाने हेतु विद्यार्थियों में अक्सर होड़ लगी रहती है।

**विविध समितियाँ :–**

विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने हेतु महाविद्यालय द्वारा अनेक समितियों का गठन किया गया है, जिनमें विद्यार्थी अपनी सहभागिता दर्ज कर अपनी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं और अपना ज्ञानवर्धन कर सकते हैं। ये समितियाँ वर्षभर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं, जिनमें विद्यार्थी बढ़–चढ़कर प्रतिभागिता करते हैं। इन समितियों में निम्नोक्त समितियाँ विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रहती हैं :–

1. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
2. Women Cell
3. Legal Literacy Cell
4. Cultural Cell
5. SC/ST/OBC Cell
6. Anti Ragging Committee
7. Prevention of Sexual Harassment Cell;
8. Discipline Committee
9. Student Grievances and Redressal Cell
10. Voter Club

महाविद्यालय में बिजली–आपूर्ति हेतु दो बड़े जरनेटर स्थापित हैं। जिसके फलस्वरूप परिसर में 24 घंटे बिजली की सुविधा रहती है। महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों

को प्रवेश रोकने के लिए मुख्य द्वार पर पहचान–पत्र के साथ प्रवेश की व्यवस्था के साथ–साथ 30 से अधिक सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगाए गए हैं।

**अन्य सुविधाएँ :–**

विद्यार्थियों के लिए शीतल जल की आपूर्ति हेतु महाविद्यालय में Chiller-Cum-RO Plant एवं परिसर के विभिन्न स्थलों पर 8 R.O.-Cum-Watercooler की व्यवस्था की गई है।

**विशिष्ट उपलब्धियाँ :–**

महाविद्यालय के विद्वान प्राध्यापकगण शिक्षण कार्यों के साथ–साथ शोध कार्यों में भी विशेष रूचि रखते हैं। सत्र के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग के द्वारा 20 राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय के 3 प्राध्यापकों के 9 राष्ट्रीय तथा 4 अंतर्राष्ट्रीय शोधपत्र राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। महाविद्यालय के 2 प्राध्यापकों ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में (FDP) अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज की। महाविद्यालय के दो प्राध्यापकों की 3 पुस्तकें सत्र के दौरान प्रकाशित हुई तथा डॉ. गरिमा श्योराण ने विद्यावाचस्पति (Ph.D) की उपाधि प्राप्त की। महाविद्यालय के 8 प्राध्यापकों को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडीज का सदस्य मनोनित किया गया है। महाविद्यालय के 12 प्राध्यापकों का चुनाव विश्वविद्यालय द्वारा विविध कक्षाओं के लिए प्रश्न–पत्र निर्माण हेतु किया गया है। महाविद्यालय के 12 प्राध्यापकों को विशेष Subject Expert के रूप में मनोनित किया गया है। महाविद्यालय के स्थायी प्राध्यापकों का 70 प्रतिशत अर्थात् 20 प्राध्यापक विद्यावाचस्पति (Ph.D.) की उपाधि से अलंकृत हैं। महाविद्यालय के डॉ. नीरज गर्ग को पुस्तकालय कियोस्क निमित् और डॉ. रितेश गुप्ता को कर्मचारी कार्य निष्पादन मूल्यांकन अनुसंधानों के लिए भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्रदान किए गए है।

डॉ. जयवीर सिंह के कुशल संयोजन में भौतिकी शास्त्र विभाग द्वारा तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें 25 देशों के 600 विद्वानों ने प्रतिभागिता कर शोधपत्र प्रस्तुत किए। कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता के रूप में रसायन शास्त्र, नोबेल पुरस्कार–2025 के लिए नामित China विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थॉमसन जे.वबश्टर विद्यमान रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह का हरियाणा इतिहास कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में निरन्तर तीसरी बार चुनाव किया गया है। यह महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव और गर्व का विषय है कि जहाँ प्राचार्य महोदय को Indian Council of Historical

Research Project आवंटित हुआ है, वहीं Post Doctoral Fellowship भी प्रस्तुत कर चुके हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. भूपेन्द्र सिंह चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी में स्पोर्ट्स काउंसलिंग के सदस्य के रूप में तथा विश्वविद्यालय के महिला एवं पुरुष वर्ग के एथलिटिक्स, कार्स कन्ट्री, खो–खो तथा कबड्डी आदि की चयन समितियों में भी शामिल रहे। अमृतसर में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय जूडो प्रतियोगिताओं में कोंटिजेंट इन्चार्ज के रूप में अपनी सेवाएँ दी।

महाविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान संकाय के दो विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान तथा भूगोल–विभाग की छात्रा ने National Space Day पर Poster Making प्रतियोगिता में अन्तरविश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिला स्तर पर द्वितीय तथा जोनल स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस महाविद्यालय एवं समस्त दादरी क्षेत्र के लिए गरिमा का विषय है कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सदा अपना परचम लहराया है तथा मैरिट लिस्ट में अपना नाम अंकित करते रहे हैं। विगत वर्ष में महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने विभिन्न कक्षाओं में विश्वविद्यालय मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। विभिन्न सत्रों में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले विद्यार्थियों की सूची इस प्रकार है :–

1. रचना, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) प्रथम स्थान (2019–2021)
2. जगवन्ती, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) प्रथम स्थान (2022–2024)
3. फोलाक्षी, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) तृतीय स्थान (2021–2022)
4. सौम्या, एम.ए. (राजनीति विज्ञान) तृतीय स्थान (2023–2024)
5. नेहा, एम.एस.सी. (गणित) द्वितीय स्थान (2020–2022)
6. दीपा भट्ट, बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर में द्वितीय स्थान (2021–2022)

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–**

विद्यार्थियों में सांस्कृतिक अभिरुचि का विकास करने और उनके कलात्मक गुणों की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय का सांस्कृतिक प्रकोष्ठ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे आप सभी के समक्ष यह बताते हुए असीम हर्ष की अनुभूति हो रही है कि यह महाविद्यालय प्रारंभ से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है। महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हमारे अपने महाविद्यालय के प्रागंण में विश्वविद्यालयी स्तर

पर आयोजित युवा महोत्सव में सक्रिय भागीदारी की तथा स्किट, हिन्दी एकांकी व माइम में प्रथम स्थान, कोरियोग्राफी और फोटोग्राफी में द्वितीय स्थान, एकल व समूह लोकनृत्य, मिमिक्री, क्विज और उर्दू कविता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवा महोत्सव में महाविद्यालय के छात्र विकास और तनिष्क आर्य को श्रेष्ठ अभिनेता के रुप में पुरस्कृत किया गया।

अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए विविध प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा फोटोग्रॉफी में द्वितीय और स्किट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सकारात्मक और सराहनीय प्रयासों से हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दो प्रतिस्पर्धाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज की तथा स्किट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने प्रथम बार राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने सभी विजेता विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों, विशेषतः स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु 'टैलेंट हंट शो' का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की गुप्त प्रतिभाओं को उजागर करना रहता है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा समय–समय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों की प्रछन्न प्रतिभाओं को उजागर करने का कार्य किया जाता है।

**खेलकूद :–**

जनता महाविद्यालय मात्र शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं वरन् खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहा है। इस सत्र में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी विविध खेलों में पदक लेकर आए हैं और महाविद्यालय को यश प्रदान किया है। मुख्य रूप से हमारे विद्यार्थियों ने खो–खो, तैराकी, कुश्ती, एथलेटिक्स, क्रॉस–कंट्री, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, कराटे और बैडमिंटन आदि खेल स्पर्धाओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राहुल ने क्रॉस–कंट्री में, कान्ता, सुनील एवं साहिल ने तैराकी में, शिवम ने कुश्ती में, जानवी एवं गौरव ने तीरंदाजी में, अर्पित, तन्नू, रेखा, कशिश, आकांक्षा और मीनू ने अपना–अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अन्तर विश्वविद्यालय प्रतिस्पर्धाओं में चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में हमारे विद्यालय की महिला वर्ग की खो–खो टीम ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हमारे विद्यालय की आठ महिला खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में जिला चरखी दादरी का प्रतिनिधित्व किया।

शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 29 अगस्त, 2024 को ''राष्ट्रीय खेल दिवस'' मनाया गया, जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग की अलग–अलग खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया और लगभग 80 से 100 विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने पुरुष वर्ग की बैडमिंटन एवं महिला वर्ग के लिए अन्तर कक्षा खो–खो प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने खेल कौशल का उत्तम प्रदर्शन किया। शारीरिक शिक्षा विभाग ने दिनांक 28 फरवरी एवं 1 मार्च को महाविद्यालय की 44वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग की 34 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में लगभग 250 बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पदक हासिल किए। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र राहुल एवं बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा मीनू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। गत वर्ष देश की राजधानी दिल्ली से पहले खो–खो विश्वकप का आयोजन दिनांक 13 जनवरी से 19 जनवरी तक हुआ। ग्रामीण आँचल के इस खेल को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने भारतीय खो–खो संघ के साथ मिलकर महाविद्यालय स्टेडियम में ही एक प्रोत्साहन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 09 जनवरी को किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग लगातार विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियाँ समय–समय पर करवाता रहता है। इसी कड़ी में हरियाणा योग–आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं आयुष विभाग द्वारा आयोजित ''हर घर परिवार–सूर्यनमस्कार'' कार्यक्रम का आयोजन किया एवं विद्यार्थियों के समुचित विकास के लिए लगातार 10 दिनों तक सूर्यनमस्कार का अभ्यास करवाया गया। नशा मुक्ति अभियान के तहत हरियाणा सरकार ने दिनांक 05–04–2025 को साईक्लोथान का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रॉस :–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो पुरुष इकाइयाँ तथा एक महिला इकाई है, जो समाज के पिछड़े क्षेत्रों में अपनी सेवा द्वारा जागृति लाने के कार्य निरन्तर करती रहती हैं। स्वयं सेवक समय–समय पर वृक्षारोपण, राष्ट्रीय आपदाओं और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देते रहते हैं। निकिता बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ने विश्वविद्यालय स्तर के कैम्प माण्डी हरिया में सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक का पद प्राप्त किया। महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों योगेश, दर्शील, निकिता, योगेश, मोहित, राहुल, निखिल, अमन, जतिन तथा प्रवेश आदि का विशेष योगदान रहा।

महाविद्यालय में एन.सी.सी. की दो पुरुष यूनिट व एक महिला यूनिट है, जो सराहनीय कार्य कर रही हैं। एन.सी.सी. कैडेट अश्विनी ने दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर महाविद्यालय को गौरव प्रदान किया। भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में वोटर क्लब की स्थापना की गई है। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी अपना वोटर कार्ड बनवाएं और एक सशक्त लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएं। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए महाविद्यालय वोटर क्लब ने दिनांक 06–08–2025 को जिला चुनाव कार्यालय के सहयोग से एक शिविर का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों छात्र एवं छात्राओं ने अपने वोटर कार्ड बनवाएं।

अंत में मैं कहूँगा कि महाविद्यालय निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उत्तरोत्तर उत्कृष्टता एवं प्रदर्शन के लिए समस्त महाविद्यालय परिवार पूर्णतः प्रतिबद्धता के साथ अपना शत–प्रतिशत योगदान दे रहा है। नकलरहित परीक्षाओं का संचालन, अनुशासन तथा कर्त्तव्य के प्रति समर्पित कर्मचारी वर्ग आदि वैशिष्ट्य इस परिसर को अग्रिम पंक्ति में रखने और विशिष्ट पहचान देने के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। मैं समस्त कर्मचारी वर्ग, प्रबन्धन समिति के समस्त सदस्यों, महाविद्यालय प्रशासन व क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता का सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके सतत् सहयोग से ही हम रचनात्मक कार्यों को व्यावहारिक एवं वास्तविक रूप देने में सफल रहे हैं और मैं आशा करता हूँ कि हम इस क्षेत्र की भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के पथ–प्रदर्शन हेतु अपनी प्रतिबद्धता एवं उद्देश्यों के अनुरुप कार्य करते रहेंगे।

**पुनः आप सबका आभार।**

**जय हिन्द, जय भारत।**

प्राचार्य

डॉ0 यशवीर सिंह